RAJYA SABHA

Tuesday, the 9th December, 2003/18 Agrahayana, 1925 (Saka)

The House met at eleven of the clock.

MR. CHAIRMAN in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

एलायंस एअर की दिल्ली-पटना हवाई सेवा

*101. **प्रो. रामदेव भंडारी : क्या नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एलायंस एअर की दिल्ली-पटना की संध्याकालीन हवाई सेवा पहले चला करती थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस उड़ान को बंद करने के क्या कारण हैं जबकि सहारा एअर लाइंस का एक हवाई जहाज मध्याह्न पश्चात् 3.00 बजे के करीब पटना जाता है;

(घ) क्या सरकार दिल्ली और पटना के बीच संध्याकालीन हवाई सेवा चलाने का विचार रखती है; और

(ड.) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): (क) से (ड.) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया है।

विवरण

(क) जी, हां।

(ख) 21 अप्रैल, 2003 से पहले, एलायंस एयर दिल्ली से 1600 बजे प्रस्थान करके सप्ताह में चार दिन के आधार पर दिल्ली -लखनऊ-पटना-रांची-कोलकाता रूट पर पटना के लिए/वहां से सायंकालीन उड़ान प्रचालित करती रही है।

(ग) 11 सितम्बर, 2001 को अमेरिका में हुई घटना के बाद, 9 नवम्बर, 2003 तक फेडरेल एविएशन अथॉरिटी की सिफारिशों के अनुसार काकपिट डोर माडिफिकेशन्स का अनुपालन करना पड़ा।

न्यू डोर (फेज-II) के लगाने में विमान की ग्राउंडिग भी शामिल थी। इस अपेक्षा की पूर्ति के लिए, 21 अप्रैल, 2003 से रोटेशेन अनुसार सिस्टम से एक बी-737 विमान को हटाना पड़ा। जिसकी वजह से दिल्ली-पटना-दिल्ली सेक्टर पर कम यात्री मांग हुई इससे पटना के लिए/वहां से एलायंस एयर की सायंकालीन उड़ान को हटाना जरूरी हो गया।

(घ) और (ङ) इस समय, कम यात्री मांग को देखते हुए एलायंस एयर की दिल्ली-पटना रूट पर सायंकालीन उड़ान को बहाल करने की कोई योजना नहीं है।

Delhi-Patna Alliance Air flight

†*101 PROF. RAM DEO BHANDARY: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Delhi-Patna Alliance Air flight used to operate previously in the evening;

(b) if so, the details thereof;

(c) the reasons for discontinuing the flight whereas Sahara Airlines operates a Patna-bound flight at about 3 P.M.;

(d) whether Government propose to operate flight between Delhi and Patna in the evening; and

(e) if so, by when and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI RAJIV PRATAP RUDI): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir.

(b) Prior to 21st April, 2003, Alliance Air used to operate a flight to/ from Patna in the evening on the route Delhi Lucknow-Patna-Ranchi-Kolkata on four days in a week departing Delhi at 1600 hours.

(c) In the aftermath of September 11, 2001 incident in United States, Cockpit door modifications had to be carried out as per the recommendations of Federal Aviation Authority by 9th November, 2003.

The installation of new door (Phase II) involved grounding of aircraft. To meet this requirement, one B-737 aircraft had to be withdrawn from the system by rotation w.e.f. 21st April, 2003. This, coupled with the low passenger demand on Delhi-Patna-Delhi sector, necessitated withdrawal of Alliance Air's evening flight to/from Patna.

(d) and (e) In view of the low passenger demand, at present Alliance Air has no plans to re-introduce the Delhi-Patna evening flight.

†Original notice of the question was received in Hindi.

प्रो॰ राम देव भंडारी: माननीय सभापति महोदय, एक के बाद एक बिहार के नेता केन्द्र में सिविल एविएशन मिनिस्टर होते रहे हैं और श्री रूडी जी भी उसी कड़ी को आगे बढ़ा रहे हैं। मगर बिहार वासियों के लिए बड़ी चिंता और खेद की बात है कि ...

श्री सभापति: ये कौन सी कड़ी आगे बढ़ा रहे हैं ?

प्रो॰ राम देव भंडारी: सिविल एविएशन मिनिस्टर की कड़ी आगे बढ़ा रहे हैं । शरद यादव जी हुए, फिर शाहनवाज़ साहब हुए ...

श्री सभापति: ठीक है, अब आगे बढ़िए।

प्रो॰ राम देव भंडारी: उस कड़ी को ये आगे बढ़ा रहे हैं । मगर बड़े खेद और चिंता का बात है कि बिहार के मंत्री भी बिहार को जहाज के मामले में उपेक्षित बनाए हुए हैं । महोदय, दिल्ली से अभी इंडियन एयरलाइन्स और एलायंस, दोनों मिलाकर सिर्फ एक जहाज चल रहा है। मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि 21 अप्रैल, 2003 से पहले, एलायंस एयर का एक जहाज यहां से 16.00 बजे चलता था जो दिल्ली-लखनऊ-पटना-रांची-कोलकाता रूट पर था। इस रूट से इस जहाज की उपयोगिता साबित होती है कि पांच राजधानियों को यह जहाज आपस में जोड़ता था। दूसरी महत्वपूर्ण बात इस जहाज के बारे में यह थी कि दिल्ली से पटना जाने के लिए शाम को कोई जहाज नहीं है। महोदय, मैं एक मिनट लूंगा। दिन भर काम करने के बाद दिल्ली से अगर कोई शाम को पटना जाना चाहे तो वह शाम को जहाज से पटना नहीं जा सकता है।

श्री सभापति: वह काम करने के बाद वापिस आए या बिना काम आए, उससे उन्हें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि किराया तो लगता ही है।

प्रो॰ राम देव भंडारी: दूसरी बात यह है कि अगर सहारा एयरलाइन्स अपना जहाज शाम को चला सकती है तो फिर इंडियन एयरलाइन्स या एलायंस एयर अपना जहाज क्यों नहीं चला सकते? महोदय, इन्होंने जहाज बंद करने के दो कारण बताए हैं। एक तो ये कि 11 सितम्बर, 2001 को अमेरिका में हुई घटना के बाद, 9 नवम्बर, 2003 तक फेडरेल एविएशन ऑथारिटी की सिफारिशों के अनुसार काकपिट डोर मॉडिफिकेशन्स का अनुपालन करना पड़ा और दूसरा कारण जो बताया है, वह कम यात्रियों की मांग है। महोदय, 9 नवम्बर, 2003 तक की जो बात थी, वह भी पूरी हो गयी है। जहां तक कम यात्रियों की मांग का सवाल है, मैंने पहले भी कहा है कि बहुत महत्वपूर्ण रूट पर यह जहाज चल रहा था और शाम को पटना जाने के लिए कोई जहाज नहीं है। एक बात मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि यात्रियों ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: अब आप सप्लीमेंटरी मत करिएगा।

प्रो॰ राम देव भंडारी: यात्रियों की कम मांग पर जो जहाज देश में चलाए जा रहे हैं, क्या सभी को उन्होंने बंद कर दिया है? फिर पटना के साथ, बिहार के साथ ही यह उपेक्षा क्यों हो रही है जबकि मंत्री जी स्वयं बिहार से आते हैं। मैं मंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि आप पुन: आश्वस्त करें कि जो जहाज बंद कर दिया गया है, उस जहाज को आप फिर से चलाएंगे क्योंकि यह जहाज बहुत भी महत्वपूर्ण रूट पर चल रहा है और शाम को पटना जाने के लिए कोई जहाज नहीं है।

श्री सभापति: अब आपने अपनी बात कह दी है।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: महोदय, जो मंत्री जहां से होगा, क्या वहां से हवाई जहाज जरूर चलेगा? ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बस, अब जाने दीजिए।

श्री राजीव प्रताप रूडी: सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न रखा है वह 7411 की फ्लाइट, जो पटना से होकर आगे जाती थी, उसको बंद करने के संदर्भ में रखा है। मैं माननीय सदस्य को सिर्फ यह बताना चाहूंगा कि आज पटना के लिए विमान सेवाएं पर्याप्त हैं। इन्होंने यह विषय रखा है कि शाम के समय जो जहाज बंद किया गया है, उसे क्यों बंद किया गया है? महोदय, मैं एक साधारण सा उदाहरण दूंगा। दिल्ली से पटना के बीच में नवम्बर, 2002 में प्रत्येक माह 28 पेसेंजर्स रोज और दिसम्बर, 2002 में 22 थे। इस प्रकार प्रत्येक दिन की जो उनकी यात्री सेवाएं थी। वह 20-22 के आस-पास थी। जो बिल्कुल नुकसान का विषय बनता है। महोदय, इस सेक्टर पर वर्ष 2000-2001 में 2633 लाख रुपये का नुकसान हुआ। उसी प्रकार वर्ष 2001-2002 में 2595 लाख का नुकसान हुआ। इसी प्रकार 2002-2003 में भी नुकसान हुआ। महोदय, हम अधिक से अधिक सेवाएं देने के लिए तैयार हैं लेकिन जिस रूट पर इतने कम पेसेंजर्स मिलते हैं, उसके कारण हमें भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। आज पटना के लिए कई सेवाएं उपलब्ध हैं इसलिए जो कनेक्टिविटी है–आज पटना को हम दिल्ली, मुम्बई, लखनऊ, कोलकाता, रांची, बालडांगरा, गोवाहाटी से भी कनेक्ट करते हैं। आवश्यकतानुसार जब भी पेसेंजर्स बढ़ते हैं, हम अपनी सेवाओं को बढ़ाते हैं लेकिन वर्तमान में इस सेवा को प्रारम्भ करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, जैसा मैंने पहले भी कहा है कि जब सहारा ...

श्री सभापति : छोड़िए, वे इसे चलाने के मूड में नहीं हैं।

प्रो॰ राम देव भंडारी : जब सहारा एयरलाइन्स शाम को जहाज चला सकती है, जब पटना और लखनऊ के बीच कोई जहाज भी नहीं है और जैसा मैंने पहले भी कहा कि जहां-जहां घाटा हो रहा है, जिस रूट पर घाटा हो रहा है क्या सभी को आपने बंद कर दिया है अथवा बंद करने जा रहे हैं या सिर्फ पटना ही का रूट ऐसा है जहां पर घाटा होने पर आप उसे बंद कर रहे हैं? महोदय, मैं पुन: आपके माध्यम से इन्हें अनुरोध करना चाहता हूं कि बहुत ही महत्वपूर्ण रूट पर वह जहाज चल रहा है।

श्री सभापति : मंत्री जी, आप कर सकते हैं क्या?

प्रो॰ राम देव भंडारी : इस समय शाम को दिल्ली से पटना जाने के लिए कोई जहाज नहीं है। कृपया आश्वस्त करें। आप बिहार से मंत्री हैं। आपको बिहार की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

श्री राजीव प्रताप रूडी: महोदय, आज किसी भी निजी विमान कम्पनी को हम किसी विमान सेवा को प्रदान करने के लिए बाधित नहीं कर सकते हैं। साथ ही साथ यह भी अनुचित होगा कि हम अपनी सरकारी कम्पनियों को घाटे के रूट पर चलने के लिए बाधित करें। फिर भी आपकी जानकारी के लिए मैं बताना चाहता हूं कि अभी तक इंडियन एयरलाइन्स के जो क्यूमिलेटिव लॉसिज़ हैं, वह लगभग 1100 करोड़ रुपए हैं। पिछले वर्ष में जो नुकसान है, वह लगभग 196 करोड़ रुपए के आस-पास है। इसी प्रकार से एलायंस का नुकसान 85 करोड़ है। हम अगर उनको फ्री करके नहीं चलने देंगे तो घाटा बढ़ता जाएगा और इस प्रकार से हमें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

श्री सभापति : ठीक है। प्रश्न संख्या 1021। ...(व्यवधान)...

प्रो॰ राम देव भंडारी : महोदय, बिहार के साथ ज्यादती हो रही है, उसकी उपेक्षा हो रही है। मैं इतना कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान)...

Low Cost Airlines in the country

*102. SHRI R.S. GAVAI: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government propose to promote low cost Airline Services in the country;

(b) if so, the details thereof;

(c) if not, the reasons therefor;

(d) whether proposals for providing point to point services by private operators are pending with Government;